>

Title: Need to expedite construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़) ः

मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नियमानुसार कार्य नहीं हो रहा है जिसके कारण अभी तक कई सौ गांवों में बरसात के दिनों में ग्रामीणों को कीचड़ों से होकर गांव में पहुंचना पड़ता है। गत वर्ष से मेरे संसदीय क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत कोई भी काम नहीं हुआ है। इस योजना के अंतर्गत काम नहीं किए जाने के कारण ग्रामीण लोगों को गांव में आने-जाने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि दूसरे जिलों में आठवें चरण का कार्य समाप्त हो गया है, परंतु मेरे संसदीय क्षेत्र में अभी आठवें चरण के कार्य की शुरूआत नहीं की गई है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आठवें चरण का कार्य अति शीघ्र शुरू किया जाए जिससे ग्रामीणों को इस योजना का लाभ अच्छी तरह से पहुंचाया जा सके एवं इस बात की जांच भी करवाई जाए कि इस जिले में आठवें चरण का कार्य अभी तक शुरू क्यां नहीं किया गया है।